कार्यालय जिला पंचायत बालोद (छ.ग.)

Email ID-pmayg.zpbalod@gmail.com Phone No. 07749-223917,Fax 07749-223917

।।प्रेस विज्ञप्ति।।

क्रमांक/4068/जि.पं./PMAY-G/2024–25 बालोद, दिनांक 20/11/2024

कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक/3014/बालोद, दिनांक 25.09.2024 के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत जिला स्तर के रिक्त पद लेखापाल (संविदा) एवं जनपद पंचायतों में रिक्त पद विकासखण्ड समन्वयक (संविदा), तकनीकी सहायक (संविदा), डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (संविदा) पदो पर भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 10.10.2024 को कार्यालयीन समय 05.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया था, प्राप्त आवेदनो के सारणीकरण पश्चात् लेखापाल (संविदा), तकनीकी सहायक (संविदा), डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (संविदा) पद के विरूद्ध में पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन जिले की वेब साईट पर किया जाकर दिनांक 15.11.2024 तक दावा–आपत्ति आमंत्रित किया गया था। निर्धारित समयावधि में प्राप्त दावा–आपत्तियों का जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा नियमानुसार सूक्ष्म अवलोकन/परीक्षण /जाँच उपरांत तैयार अंतिम पात्र/अपात्र की सूची एवं पदवार तथा वर्गवार मेरिट/वरीयता सूची 1:25 के अनुपात में तैयार कर कौशल/कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा/साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किये जाने की सूचना जिले की वेब–साईट **www.balod.gov.in** पर प्रकाशित किया जा रहा है।

उपरोक्तानुसार परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त मूल दस्तावेजो के साथ पदवार निर्धारित तिथि को शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद जिला बालोद (छ.ग.) में दिनांक 26.11.2024 से 28.11.2024 को समय सुबह 09.00. बजे से दस्तावेज सत्यापन के लिए एवं कौशल/कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा/साक्षात्कार में अपनी उपस्थिति सुनिशित करेंगे। अभ्यर्थियों के लिए यह प्रेस विज्ञप्ति ही उक्त कौशल/कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने हेतु आमंत्रण पत्र है, इस संबंध में पृथक या व्यक्तिगत रूप से कोई पत्राचार नहीं किया जावेगा अनुपस्थिति की स्थिति में उम्मीदवारी स्वमेव निरस्त मानी जावेंगी।

क्रं.	पद का नाम	सभी पदो के लिए दस्तावेज सत्यापन का समय	सभी पदो के लिए कौशल/कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा का समय	स्थान
1	लेखापाल, तकनीकी सहायक, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर	प्रातः 09:00 बजे से	प्रातः 10:30 बजे से	शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद

कौशल/कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा/साक्षात्कार लिए जाने वाले पदो हेतु तिथि, समय एवं स्थान निम्नानुसार है :–

क्रं.	विज्ञापित पद का नाम	दिनांक एवं समय	स्थान	साक्षात्कार हेतु स्थान व समय
1	तकनीकी सहायक	26.11.2024, प्रातः 10:30 बजे से	शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद	जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज सोसायटी बालोद (शास. आईटीआई के पास) समय 03.00 बजे
2	लेखापाल	27.11.2024, प्रातः 10:30 बजे से	शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद	–
3	डाटा एण्ट्री ऑपरेटर	28.11.2024, प्रातः 10:30 बजे से	शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद	–

संलग्न :– 01. दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात् अंतिम पात्र/अपात्र सूची।
02. पदवार एवं वर्गवार मेरिट/वरीयता सूची एवं कौशल/कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा/साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित पात्र अभ्यर्थियो की सूची।

Sd/- 20/11/24

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत बालोद (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 4068 / जि.पं. / PMAY-G / 2024–25 बालोद, दिनांक 20 / 11 / 2024

प्रतिलिपिः–

01. संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, विभागाध्यक्ष कार्यालय, विकास भवन, चतुर्थ तल, सेक्टर–19 नार्थ ब्लाक, नवा रायपुर, अटल नगर जिला रायपुर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
02. कलेक्टर, जिला बालोद की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
03. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला बालोद को जिले की वेब–साईट में अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित।
04. जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला बालोद की ओर दैनिक समाचार पत्रो में विज्ञापन प्रकाशनार्थ प्रेषित।
05. प्राचार्य, शासकीय आईटीआई बालोद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज बालोद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
07. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत .... (सर्व) जिला बालोद को सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर चस्पा हेतु।
08. कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

Sd/- 20/11/24

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत बालोद (छ.ग.)